कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल

पत्रांक :उ0वि0शि0प0 / यू0टी0ई0टी0 2021–विज्ञप्ति 651646-51 / 2021–22 दिनांक 30 नवम्बर 2021

:: उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय 2021 ::

परिषद् द्वारा दिनांक 26 नवम्बर 2021 को आयोजित उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I & II) 2021 के प्रश्नपत्रों के चारों सैटों की उत्तर कुंजियाँ **(Answer Key)** जनहित में परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** पर प्रसारित कर दी गयी हैं। अभ्यर्थी परिषद् की वेबसाइट के **DEPARTMENTAL EXAM/UTET** लिंक से उत्तर कुंजियाँ **(Answer Key)** डाउनलोड कर सकते हैं।

यदि किसी अभ्यर्थी/आवेदक को किसी प्रश्न/प्रश्नों के उत्तर पर कोई आपत्ति हो तो वे परिषद् द्वारा निर्धारित प्रपत्र (जो परिषद् की वेबसाइट के DEPARTMENTAL EXAM/UTET लिंक पर उपलब्ध है) पर अपना प्रत्यावेदन/आपत्ति दिनांक 10 दिसम्बर 2021, सांय 05:00 बजे तक परिषद् की मेल secyutet@gmail.com पर पुष्ट प्रमाणों सहित परिषद् कार्यालय को प्राप्त करा सकते हैं। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात अथवा किसी अन्य माध्यम से कोई प्रत्यावेदन/आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। एक प्रपत्र में केवल एक ही प्रश्न/उत्तर पर प्रत्यावेदन/आपत्ति अंकित करें। **यदि एक से अधिक प्रश्नों/उत्तरों पर आपत्ति हो तो प्रत्येक के लिये अलग–अलग प्रपत्र पर प्रत्यावेदन/आपत्ति तैयार कर प्रस्तुत करें अन्यथा प्रत्यावेदन/आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। अभ्यर्थी अपने** प्रत्यावेदन/आपत्ति की पुष्टि हेतु संदर्भ साहित्य की स्वप्रमाणित छाया प्रति अनिवार्यत संलग्न करें। **प्रमाण रहित प्रत्यावेदन/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।**

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

Scanned with CamScanner